भारत सरकार **लोक सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं.1477**
वाणिज्य विभाग

दिनांक 28 जुलाई, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

आपूर्ति श्रृंखला

1477. श्री परबतभाई सवाभाई पटेल:
श्री नारणभाई काछड़िया:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत को विश्व में आपूर्ति श्रृंखला बढ़ाने या कोरोना महामारी के बाद निर्यात करने के कई अवसर मिल रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो किन देशों के साथ हमारे वाणिज्यिक संबंधों में वृद्धि होने की संभावना है;

(ग) इस महामारी के बाद किन उत्पादों का अधिक निर्यात होने वाला है; और

(घ) क्या गुजरात के निर्यातक भी इस अवसर का लाभ उठाने जा रहे हैं?

उत्तर

<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री</u>
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ) : विश्वसनीय और पर्याप्त आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने घरेलू विनिर्माणों के सुदृढ़ीकरण और अनेक व्यापार साझेदारों के साथ व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने सहित, अनेक कदम उठाए हैं। यह गतिशील विश्व में परिवर्तनशील आवश्यकताओं पर आधारित एक अनवरत प्रक्रिया है। मौजूदा व्यापार करार अधिमानी शर्तों पर घरेलू विनिर्माण क्षेत्र के लिए बाधारहित आपूर्तियां सुनिश्चित करते हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ मौजूदा करारों की समीक्षा आरंभ की गई है। इसके अलावा, अनेक देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं आरंभ की गई हैं। हमने भारत-पैसेफिक क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला की लोचशीलता में वृद्धि करने के लिए जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ आपूर्ति श्रृंखला लोचशीलता पहल (एससीआरआई) में प्रवेश किया है।

गुजरात सहित, पूरे देश में वस्तु समूहों जैसे इंजीनियरिंग वस्तुओं, पेट्रोलियम उत्पादों, रत्न एवं आभूषणों, जैविक और अजैविक रसायनों, वस्त्र और परिधान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, प्लास्टिक एवं लिनोलियम इत्यादि में अप्रैल-जून, 2021 में भारत के पण्य वस्तु निर्यातों में महत्वपूर्ण रूप से वृद्धि हुई जो अप्रैल-जून, 2021 में 95.39 बिलियन अमरीकी डॉलर थी जिसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 85.88 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई और अप्रैल-जून, 2019 की तुलना में 17.90 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि हुई।

*****